स्तन कैंसर
बुनियादी बातें

प्रतिमा (बदला हुआ नाम) जो एक 62 वर्षीय महिला है उसने अपने दाएँ स्तन में तीन माह पुरानी गांठ देखी। तीन बार निरीक्षण किए जाने के बाद, पता चला कि उसे स्तन कैंसर था।

स्तन

सौजन्यः स्तन कैंसर केयर, ब्रिटेन

वक्षाग्र

सौजन्यः स्तन कैंसर केयर, ब्रिटेन

स्तन कैंसर क्या है और यह कहाँ से उत्पन्न होता है

स्तन की कोशिकाएँ वाहिनी और पिण्डिका से बनी होती हैं। स्तन कैंसर तब उत्पन्न होता है जब स्तन में कोई भी एक कोशिका असामान्य रूप से विभाजित होना या विकसीत होनी शुरू होती है।

स्तन कैंसर विभिन्न प्रकार के होते हैं- जिसे कार्सिनोमा भी कहा जाता है। मोटे तौर पर, नलिकाओं से उत्पन्न होने वाले स्तन कैंसर को डक्ट्ल कार्सिनोमा (स्तन कैंसर का सबसे आम रूप) के रूप में जाना जाता है और पिण्डिकाओं से उत्पन्न होने वाले कैंसर को लोब्यूलर कार्सिनोमा के रूप में जाना जाता है।

यह महत्वपूर्ण है कि चिकित्सकों के पास सटीक निदान हो, ताकि वे व्यक्ति के लिए सबसे उचित उपचार की योजना बना सकें

स्तन कैंसर कितना आम है

स्तन कैंसर सबसे आम कैंसर है जो पूरे विश्व की महीलाओं को प्रभावित कर रहा है।

भारत में प्रति वर्ष 150,000 से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं, ग्रीवा कैंसर से पीड़ित महीलाओं की संख्या की तुलना में स्तन कैंसर से पीड़ित महीलाओं की संख्या अधिक हो गई है और यह शहरी भारत की महिलाओं को प्रभावित करने वाला सबसे आम कैंसर बन गया है।

स्तन कैंसर का पता कैसे लगाया जाता है?

ट्रिपल मूल्यांकन, जिसमें स्तन का नैदानिक परीक्षण, ब्रेस्ट इमेजिंग (मैमोग्राम, अर्थात स्तन का एक्स-रे और ब्रेस्ट अल्ट्रासाउंड स्कैन) और गांठ की अल्ट्रासाउंड गाइडेड नीडल बायोप्सी शामिल होती है, की प्रक्रिया द्वारा आकलन किए जाने के बाद, अधिकांश मामलों में स्तन कैंसर का निश्चित निदान प्राप्त किया जा सकता है।

मैमोग्राफी मशीन (बाएँ) और स्क्रीन (दाएँ)

बायां स्तन कैंसर
मैमोग्राम (करिनियो - कौडल दृश्य)

बायां स्तन कैंसर
मैमोग्राम (मीडियो- पार्श्व परोक्ष दृश्य)

सौजन्य से: स्तन रोग केआईएमएस-ऊषालक्ष्मी केंद्र, हैदराबाद

www.breastcancerindia.org

क्या स्तन में होने वाली प्रत्येक गांठ का मूल्यांकन करने के लिए ट्रिपल मूल्यांकन आवश्यक है

हाँ, ट्रिपल मूल्यांकन (स्तन का नैदानिक परीक्षण, ब्रेस्ट इमेजिंग और आदर्श रूप से अल्ट्रासाउंड निर्देशित नीडल बायोप्सी) अधिकांश मामलों में स्तन कैंसर की सटीकता से पुष्टि करता है या बताता है कि महीला स्तन कैंसर से पीड़ित नहीं है, इसलिए रोग का पता लगाने के लिए महीला शल्य चिकित्सा से बच जाती है।

ट्रिपल मूल्यांकन

दायां स्तन कैंसर

दायां स्तन कैंसर दर्शाता हुआ मैमोग्राम

स्तन कैंसर की अल्ट्रासाउंड निर्देशित नीडल बायोप्सी

कीमोथेरेपी देने से पहले बायें स्तन में स्थानीय रूप से विकसित कैंसर

बायें स्तन के मैमोग्राम (सीसी दृश्य) में प्रदर्शित नियो एजवंट कीमोथेरेपी के 8 चक्र पूर्ण करने के बाद सर्जरी से पूर्व कैंसर में गाइड वायर

बायें स्तन के मैमोग्राम (एलएलओ दृश्य) में प्रदर्शित नियो एजवंट कीमोथेरेपी के 8 चक्र पूर्ण करने के बाद सर्जरी से पूर्व कैंसर में गाइड वायर

वाइड लोकल एक्सीजन में सहायक गाइड वायर-नमूना एक्स-रे में प्रदर्शित कैंसर के बीच वायर

नियो एजवंट कीमोथेरेपी की अनुपालना में ऑनकॉप्लास्टिक स्तन को सुरक्षित रखने वाली सर्जरी के दस दिन बाद (ऑपरेशन बाद का दृश्य)

Six months - Left Breast after Oncoplastic Breast conserving surgery following neo adjuvant chemotherapy

सौजन्य सेः स्तन रोग केआईएमएस-ऊषालक्ष्मी केंद्र, हैदराबाद

www.breastcancerindia.org

कैंसर के चरण और ग्रेड में क्या अंतर होता है

स्तर कैंसर के निदान का अर्थ यह नहीं होता है कि वह फैल गया है या फैल जाएगा बल्कि इसका अर्थ होता है कि इसके फैलने की संभावना है। कैंसर के फैलने की संभावना को कैंसर के ग्रेड के रूप में जाना जाता है। स्तन कैंसर को 1, 2 या 3 के रूप में ग्रेड किया जाता है। सामान्य रूप से निम्न ग्रेड (ग्रेड 1 इंगित करता है कि कैंसर धीरे-धीरे फैल रहा है जबकि ग्रेड (ग्रेड 3 इंगित करता है कि कैंसर तेजी से फैल रहा है।

कैंसर के फैलने की सीमा को रोग अवस्था कहा जाता है।

चरण 1 2 सेमी से कम का ट्यूमर। कोई फैलाव नहीं।

चरण 2 लसीका गंथि के साथ या उसके बिना 2-5 सेमी का ट्यूमर। शरीर के किसी अंग में फैलाव नहीं

चरण 3 5 सेमी से अधिक का ट्यूमर या किसी भी आकार का ट्यूमर लेकिन वह या तो छाती की दीवारों, मांसपेशियों या फिर त्वचा से जुड़ा हो।

चरण 4 किसी भी आकार का ट्यूमर, लसीका ग्रंथि हो भी सकती हैं और नहीं भी, लेकिन कैंसर शरीर के अन्य अंगों में फैल गया है।

(स्रोतः अंतर्राष्ट्रीय कैंसर संघ - यूआईसीसी)

अमृता (नाम बदला हुआ) 60 वर्ष की एक बुजुर्ग महीला में स्तन कैंसर का पता चलता है वह सोचती है कि यदि वह किसी विशेषज्ञ केंद्र में उपचार कराए, तो उसके परिणाम बेहतर होंगे

क्या विशेषज्ञ स्तन कैंसर केंद्र स्तन कैंसर में सुधार करते हैं

यह एक मान्य तथ्य है कि विशेषज्ञ जिन्हें स्तन संबंधी रोगों का उपचार करने में रूचि है और जिन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है यदि वे समर्पित व्यापक स्तन केंद्रों में इन रोगियों का उपचार करते हैं, तो स्तन कैंसर के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

स्तन कैंसर के इलाज के उद्देश्य क्या हैं

1. स्तन से कैंसर युक्त भाग और कांख में से किसी भी प्रभावित लसीका ग्रंथि को निकालना
2. किसी भी ऐसी कैंसर युक्त कोशिकाओं को नष्ट करना जो रक्त वाहिका या लसीका प्रणाली द्वारा स्तन से शरीर में पहले से फैल गई हो सकती हैं

स्तन कैंसर के इलाज के लिए कौन से साधन उपलब्ध हैं

स्तन कैंसर के इलाज के लिए चार साधन उपलब्ध हैं।

1. सर्जरी
2. कीमोथेरेपी
3. रेडियोथेरेपी
4. हार्मोन थेरेपी

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सभी रोगियों को कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी या हार्मोन थेरेपी की आवश्यकता नहीं होगी

स्तन कैंसर कहाँ फैल सकता है

आकार, ग्रेड और शामिल लसीका ग्रंथि के आधार पर, इस बात का पता लगाने के लिए चरण संबंधी परीक्षण कराए जाते हैं कि कैंसर फैला है या नहीं। कैंसर संभावित रूप से चार अंगों में फैल सकात है - उदाहरण के लिए लीवर, फेफड़े, मस्तिष्क और हड्डी। कैंसर उपर वर्णित अंगों में फैला है या नहीं इस बात का पता लागाने के लिए चरण संबंधी परीक्षण कराए जाते हैं।

स्तन कैंसर के उपचार में काउंसिलिंग महत्वपूर्ण क्यों है

स्तन कैंसर के उपचार में काउंसिलिंग बहुत महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि रोगी और उसके परिवार के सदस्य बेहतर रूप से सूचित रहते है, बेहतर रूप से तैयार रहते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे उपचार के प्रत्येक चरण में और अधिक नियंत्रित महसूस करते हैं।

काउंसिलिंग में संवेदनशील और समर्थित परिवेश में निदान और उपचार के विभिन्न विकल्पों के बारे में चर्चा की जाती है। समान रूप से, काउंसिलिंग सत्र के दौरान पर्याप्त मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक समर्थन प्रदान किया जाता है जो स्तन कैंसर से पीड़ित रोगियों और उसके परिवार की व्यक्तिग्त आवश्यकताओं का ध्यान रखती है।

वे कौन से संभावित प्रश्न हैं जो व्यक्ति विशेषज्ञ से पूछना चाह सकता है

व्यक्ति को उपचार के विभिन्न विकल्पों के बारे में विशेषज्ञ से निसंकोच प्रश्न पूछने चाहिए। इनमें निम्न शामिल हो सकते हैं

मेरे लिए सबसे अच्छा इलाज क्या है

क्या कोई विकल्प हैं

संभावित दुष्प्रभाव क्या हैं

क्या कोई लघु अवधि और दीर्घ अवधि जटिलताएँ हैं

ये उपचार दैनिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित करेंगे

यह विशेषज्ञ की जिम्मेदारी है कि वह पूछे गए प्रश्नों का बिना जल्दबाजी के उत्तर दे। आदर्श रूप से, प्रशिक्षित स्तन केयर काउंसलर उपलब्ध होना चाहिए ताकि वह विशेषज्ञ द्वारा समझाई गई बातों को सरल और समझने में आसान भाषा में समझा सके। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद होने वाली किसी भी समस्या का समाधान करने के लिए स्तन केयर काउंसलर को रोगी को घर में आराम प्रदान करने के लिए विस्तृत देखभाल प्रदान करनी